जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

21 सितम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के चार एमबीए छात्रों का होमसेंटर (दुबई) द्वारा 24.5 लाख प्रति वर्ष पैकेज पर चयन**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल (यूपीसी) को दुबई स्थित प्रमुख रिटेल ब्रांड होमसेंटर द्वारा प्रबंधन अध्ययन विभाग से चार एमबीए छात्रों के चयन के बारे में घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इन छात्रों को 24.5 लाख प्रति वर्ष का अच्छा-खासा पैकेज मिला है। चयनित छात्र, जो मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में होमसेंटर में शामिल होंगे, उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान असाधारण प्रतिभा, समर्पण और पेशेवर कौशल का प्रदर्शन किया है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया का यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल अपने छात्रों को अच्छे प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करता है। यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल की मानद निदेशक प्रो. रहेला फारूकी ने छात्रों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि कंपनी के एचआर अधिकारी छात्रों के ज्ञान से बहुत प्रसन्न हैं। यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल छात्रों को तैयार करने के लिए मॉक ग्रुप डिस्कशन आयोजित करके उन्हें प्रशिक्षित कर रहा था। जामिया मिल्लिया इस्लामिया चयनित छात्रों को बधाई देते हुए और उनकी पेशेवर यात्रा में निरंतर सफलता की कामना करता है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया